ऑस्ट्रेलिया व अंटार्कटिका

1. किस देश को प्यासी भूमि का देश कहते है?
(a) सऊदी अरब
(b) इज़राइल
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) चीन

2. ऑस्ट्रेलिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. मकर रेखा ऑस्ट्रेलिया को दो भागों में बाँटती है अर्थात् यह ऑस्ट्रेलिया के लगभग मध्य से होकर गुजरती है।
2. ऑस्ट्रेलिया का पश्चिमी भाग एक विस्तृत पठार है। यह महाद्वीप के लगभग दो-तिहाई भाग पर फैला है।
3. ऑस्ट्रेलिया में पश्चिमी पठार तथा पूर्वी उच्च भूमि के मध्य विस्तृत निम्न भूमि प्रदेश है।
कूट:-
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

3. ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी पठार से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए:
1. पश्चिमी पठार का अधिकतर भाग मरुस्थल या अर्द्ध-मरुस्थल है।
2. पश्चिमी पठार का अधिकांश भाग सपाट है और छोटी-छोटी झाड़ियों से ढका है।
3. यह पठार एक नवीनतम पठार है, जिस कारण यहाँ संसाधनों का अभाव है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

4. ऑस्ट्रेलिया के मध्यवर्ती निम्न भूमि प्रदेश से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए:
1. मध्यवर्ती निम्न भूमि प्रदेश उत्तर में कार्पेंट्रिया की खाड़ी से लेकर महाद्वीप को पार करता हुआ ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी तट तक फैला हुआ है।
2. इस भाग में पर्याप्त वर्षा होती है, जिस कारण यहाँ कई नदियों के उद्गम स्त्रोत हैं।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

5. निम्नलिखित में से कौन-सी नदियाँ ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख नदियाँ हैं?
1. मर्रे 2. डार्लिंग
3.बराक 4. टिगरिस
कूट:-
(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

6. ऑस्ट्रेलिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. मर्रे एवं डार्लिंग नदियों के द्रोणियों/अपवाह क्षेत्र का संबंध मध्यवर्ती निम्न भूमि प्रदेश से है।
2.मध्यवर्ती निम्न भूमि प्रदेश में आयर झील के चारों ओर का बहुत बड़ा भाग अन्त: स्थलीय अपवाह क्षेत्र है।
कूट:-
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

7. 'ग्रेट डिवाइडिंग रेंज' पर्वत किस देश में स्थित है?
(a) न्यूज़ीलैण्ड
(b) फ्राँस
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) कनाडा

8. ऑस्ट्रेलिया की 'ग्रेट बैरियर रीफ' किस महासागर में है?
(a) हिंद महासागर
(b) प्रशांत महासागर
(c) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(d) दक्षिणी अटलांटिक महासागर

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
कथन (A): ऑस्ट्रेलिया के भीतरी भागों में गर्म मरुस्थलों की तरह जलवायु पाई जाती है।

उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

कारण (R): ऑस्ट्रेलिया की पूर्वी उच्च भूमि वर्षा कराने वाली पवनों के लिए रूकावट पैदा करती है।
कूट:-
(a) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A एवं R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता हे।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

10. ऑस्ट्रेलिया में शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमियाँ, जो कि मर्रे एवं डार्लिंग नदियों की द्रोणी में फैली है, उन्हें किस नाम से जाना जाता है?
(a) वेल्ड
(b) सवाना
(c) डाउंस
(d) प्रेयरी

11. ऑस्ट्रेलिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सुमेलित है?
1. आस्ट्रेलिया में पाये जाने वाला सामान्य वृक्ष - यूकेलिप्टस
2. उष्ण कटिबंधीय घास भूमियाँ - डाउंस
3. अर्द्ध –शुष्क क्षेत्रों की मुख्य वनस्पति - साल्टब्रुश
कूट:-
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) उपयुक्त सभी

12. ऑस्ट्रेलिया के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. विश्व में ऑस्ट्रेलिया बॉक्साइड का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
2. कलगूर्ली सोना खनन का प्रमुख क्षेत्र है।
कूट:-
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

13. किस महाद्वीप को 'विज्ञान के लिए समर्पित महाद्वीप' कहा जाता है?
(a) अफ्रीका
(b) उत्तर अमेरिका
(c) अंटार्कटिका
(d) यूरोप

14. अंटार्कटिका महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) अंटार्कटिका का लगभग 98 प्रतिशत भाग सदा बर्फ से ढका रहता है।
(b) इस महाद्वीप में विश्व के सबसे बेहतर तटीय मैदान है।
(c) क्वीन मॉड पर्वत श्रेणी इस महाद्वीप को लगभग दो बराबर भागों में विभाजित करती है।
(d) यहाँ ग्रीष्म ऋतु में कभी सूर्य अस्त नहीं होता है तथा शीत ऋतु में सूर्य उदय नहीं होता है।

15. निम्नलिखित में से कौन-सी अंटार्कटिका महाद्वीप की मुख्य वनस्पति है?
1. लाइकेन **2. मॉस**
3. ओक **4. पाइन**
कूट:-
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

16. अंटार्कटिका महाद्वीप को चारों ओर से घेरने वाले महासागर का क्या नाम है?
(a) दक्षिणी महासागर
(b) हिंद महासागर
(c) प्रशांत महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

17. अंटार्कटिका महाद्वीप पर भारत के अनुसंधान केन्द्र कौन-से है?
(a) दक्षिण गंगोत्री
(b) मैत्री
(c) भारती
(d) उपर्युक्त सभी

UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

18. अंटार्कटिका महाद्वीप का सर्वोच्च पर्वत शिखर है-

(a) माउण्ट एल्ब्रश
(b) माउण्ट मैकिन्ले
(c) माउण्ट एकांकगुआ
(d) माउण्ट विन्सन मेसिफ

उत्कर्ष
उत्कर्ष
उत्कर्ष

UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213